

## राष्ट्रपति मुर्मू ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के किए दर्शन

- देश की सुख-समृद्धि के लिए की विशेष पूजा



नवभारत न्यूज़

**इंदौर/ओंकारेश्वर.** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अपने मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचकर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शामिल भगवान ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए. इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कर देशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की.

ममलेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश से पूर्व राष्ट्रपति ने नंदी महाराज को बेलपत्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके पश्चात आचार्यों के सान्निध्य में भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ. पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों और शिव स्तुति की गूंज के बीच आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला. ओंकारेश्वर पहुंचने पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत किया. दर्शन-पूजन के उपरांत कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया, जबकि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने नर्मदेश्वर शिवलिंग, शंख और भगवान ओंकारेश्वर का छायाचित्र भेंट कर अभिनंदन किया. राष्ट्रपति के आगमन से संपूर्ण ओंकारेश्वर नगरी आध्यात्मिक उल्लास और उत्साह से सराबोर नजर आई.

## तालाबों और जल स्रोतों को करेंगे अतिक्रमण मुक्त : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने लिंबोदी तालाब का अवलोकन कर किया श्रमदान





नव भारत न्यूज

**इंदौर. जल हैं तो कल है. जल ही जीवन का आधार है. जल के बिना जीवन नीरस है. हम प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करें और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई भी करें. जल की एक-एक बूंद बचाकर पानी सहेजे.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर में खंडवा रोड़ लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के अवलोकन के दौरान कही. इस दौरान उन्होंने तालाब पर श्रमदान भी किया. करीब 100 साल से ज्यादा पुराने लिंबोदी तालाब का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत गुड़ी-पड़वा से की थी. उक्त अभियान में प्रदेश के 2 लाख से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए गए हैं, जिस पर सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए खर्च किए है. तालाबों एवं उससे जुड़े जल मार्गों (चैनलों) पर अतिक्रमणों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा.

### जल संरक्षण की शपथ दिलाई

तालाब पर मौजूद नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई. उक्त अभियान के तहत शहर में 10 से अधिक बड़े तालाबों तथा 250 से अधिक कुएं और बावड़ियों के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है. लिंबोदी तालाब पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त आशीष पाठक, बबलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी, पति ने गला काटा

*खुडैल क्षेत्र में हुई घटना,*




नव भारत न्यूज

**इंदौर. खुडैल थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद के बाद दर्दनाक घटना सामने आई है. महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि पति ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया. महिला की मौत हो गई, वहीं पति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है.**

घटना बुधवार शाम ग्राम बिहाड़िया की है, मृतका ज्योति और उसके पति बलराम की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी. प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच विवाद की बात सामने आई है. बताया जा रहा है कि विवाद के बाद ज्योति ने अपने बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया और घर में फांसी लगा ली. पत्नी की मौत के बाद पति बलराम ने भी आत्मघाती कदम उठाते हुए धारदार हथियार से अपना गला काट लिया. कुछ देर बाद जब बच्चे घर लौटे तो दोनों को गंभीर हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया, जबकि बलराम का एमवाय अस्पताल में उपचार जारी है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

## चलती कार में लगी आग, फ्लाईओवर पर मची अफरा-तफरी

- भंवरकुआ ब्रिज पर दोपहर में हादसा
- चालक सुरक्षित; कार पूरी तरह जलकर खाक



नव भारत न्यूज

**इंदौर. भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. घटना दोपहर करीब 12.40 बजे भंवरकुआ चौराहा स्थित फ्लाईओवर पर हुई. कार चालक समय रहते वाहन से उतर गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई.**

थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि शिकायतकर्ता किशोर भारती निवासी बिजलपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि वे धर्मेश गोयल निवासी दिलपसंद कॉलोनी की हुंडई आई-20 कार एमपी 09 डब्ल्यू डी 8929 चलाकर रेसकोर्स रोड से राजीव गांधी चौराहा की ओर जा रहे थे. जैसे ही वाहन भंवरकुआ ब्रिज पर पहुंचा, अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा. स्थिति भांपते ही चालक ने तुरंत कार रोकी और बाहर निकल गया. कुछ ही क्षणों में कार में आग भड़क उठी और लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया. घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और भंवरकुआ पुलिस मौके पर पहुंची. दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, हालांकि तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी. हादसे के चलते फ्लाईओवर पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने एक तरफ का ट्रैफिक रोक दिया, जिससे हल्का जाम लग गया था. आग बुझने के बाद यातायात को फिर से सुचारु कर दिया गया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण वाहन में तकनीकी खराबी माना जा रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक मेकअप आर्टिस्ट ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आर्थिक धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं. थाना प्रभारी पीड़िता की आरोपी से पहचान रतलाम आने-जाने के दौरान हुई थी. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2025 तक दोनों के बीच संपर्क बना रहा और कई बार मुलाकातें हुईं. इसी दौरान आरोपी ने सैलून व्यवसाय में पार्टनर बनाने का झांसा भी दिया. बाद में उसका व्यवहार बदल गया और वह मारपीट करने लगा. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. पुलिस ने आरोपी तौकीर अली के खिलाफ मंगलवार को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### एक नजर में

## महू में संगत ने राहगीरों को पिलाया मोहब्बत का शरबत

**महू.** सत्य, धार्मिक स्वतंत्रता और अटूट विश्वास के लिए जलते तवे पर बैठकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सिखों के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व महू में अद्वितीय सेवा भावना के साथ मनाया गया. इस पावन अवसर पर रेलवे कॉलोनी स्थित तप स्थान संत बाबा सीतल सिंह गुरुद्वारा में साध संगत द्वारा भव्य छबील (शरबत वितरण) सेवा का आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चली इस सेवा के दौरान कड़कती धूप और झुलसाने वाली गर्मी में वहां से गुजरने वाले हर राहगीर, वाहन चालक और आमजन को रोक-रोकर पूरी श्रद्धा के साथ ठंडा व मीठा शरबत पिलाया गया. सिख इतिहास में वर्ष 1606 में दी गई गुरु साहिब की अद्वितीय शहादत को याद करते हुए गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और संगत के सेवादारों ने पूरी निष्ठा के साथ इस परोपकार कार्य में भाग लिया. छबील सेवा के दौरान रेलवे कॉलोनी गुरुद्वारा परिसर के आसपास का पूरा माहौल सेवामयी नजर आया. नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई राहगीरों को आदरपूर्वक रोककर शरबत भेंट करने में जुटा था. कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और साध संगत ने गुरु साहिब के बताए मार्ग नाम जपो, कीरत करो, वंड छको पर चलने का दृढ़ संकल्प दोहराया.




## बिजली का पोल गिरने से सर्विस रोड पूरी ब्लॉक



**महू.** धार नाका पुल निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है. निर्माण कार्य की लापरवाही या तकनीकी वजह से सर्विस रोड के कोने पर स्थित एक बिजली का भारी-भरकम खंभा अचानक सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि पोल की चपेट में कोई वाहन या राहगीर नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. खंभा बीच सड़क पर गिरने के कारण धार नाका सर्विस रोड का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है. सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं. विशेष रूप से बड़ी गाड़ियां और ट्रक इस संकरे रास्ते में फंस गए हैं, जिसके कारण अब अन्य वाहनों को आधे रास्ते से ही मजबूरन वापस लौटना पड़ रहा है. प्रशासन की लापरवाही से जनता परेशानमौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में भारी आक्रोश है।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इतने बड़े हादसे और जाम के बाद भी काफी देर तक मौके पर न तो बिजली विभाग का कोई कर्मचारी पहुंचा और न ही ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी. निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह स्थिति बनी है. बिजली के तारों से खतरे की आशंका थी. जिसे घंटे बाद दुरुस्त कराया गया.

## पानी की टंकी से विद्युत उपकरण चोरी

**महू.** पुराना इंदौर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 7 में छावनी परिषद द्वारा जनहित में बनाई गई पानी की टंकी से अज्ञात बदमाशों द्वारा विद्युत उपकरण चोरी करने का गंभीर मामला सामने आया है. इस चोरी के कारण मोटर पंप बंद हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है. भीषण गर्मी के इस दौर में स्थानीय नागरिक पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं. इस संवेदनशील मामले को लेकर स्थानीय सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर आगे आई है. संस्था के माध्यम से समाजसेवी जगमोहन सोन ने महू पुलिस प्रशासन और छावनी परिषद (कैंटोनमेंट बोर्ड) दोनों के संज्ञान में यह मामला लाते हुए उचित और त्वरित कार्रवाई की मांग की है. समाजसेवी जगमोहन सोन ने कहा कि छावनी परिषद को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अज्ञात अपराधियों के खिलाफ महू पुलिस थाने में तुरंत शिकायत दर्ज करानी चाहिए. इसके साथ ही, उन्होंने मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए परिषद जल्द से जल्द नए उपकरण लगवाकर क्षेत्र में पानी की सप्लाई बहाल करे ताकि नागरिकों को इस संकट से राहत मिल सके।संस्था ने महू पुलिस प्रशासन से भी मांग की है कि शासकीय संपत्ति की चोरी करने वाले इन बदमाशों का जल्द पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए.



## सरकारी नेत्र अस्पताल में 21 हजार से ज्यादा सर्जरी

- 2.59 लाख मरीजों का इलाज, आयुष्मान कार्ड पर मुफ्त सुविधा

इंदौर. एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध नेत्र चिकित्सा संस्थान में अब तक 2 लाख 59 हजार 856 मरीजों का इलाज किया जा चुका है, जबकि 21 हजार 137 आंखों की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई हैं. संस्थान में आयुष्मान कार्ड धारकों को जांच और ऑपरेशन की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है.

सीनियर डॉक्टर डीके शर्मा ने नव भारत को बताया कि स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित हो रहा है. यहां आंखों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच और इलाज के साथ हर तरह की सर्जरी के लिए अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं. संस्थान की शुरुआत 31 मार्च 2022 को हुई थी, जबकि पहली सर्जरी 28 मई 2022 को की गई. वर्तमान में यह अस्पताल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों के लिए भी प्रमुख केंद्र बन चुका है. डॉक्टरों का कहना है कि सुविधाओं और उपचार की गुणवत्ता के चलते यह अस्पताल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सुपर स्पेशलिटी सेंटर के रूप में तेजी से पहचान बना रहा है.

## खुले नट-बोल्ट बन सकते हैं हादसों का कारण

- राजवाड़ा चौक पर नगर निगम की लापरवाही



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ती नजर आ रही है. राजवाड़ा चौक पर कुछ समय पहले लगाए गए यूनिपोल पहले ही फुटपाथ पर अतिक्रमण और आवागमन में बाधा का कारण बने हुए थे. लोगों की शिकायतों के बाद निगम ने इन्हें हटा तो दिया, लेकिन इनके आधार में लगे बड़े-बड़े लोहे के नट-बोल्ट आज भी खुले पड़े हैं.**

हैरानी की बात यह है कि यूनिपोल हटाए हुए करीब एक माह का समय बीत चुका है, लेकिन नगर निगम ने इन खतरनाक अवशेषों को हटाने या सुरक्षित करने की कोई जहमत नहीं उठाई. परिणामस्वरूप राजवाड़ा जैसे व्यस्त क्षेत्र से गुजरने वाले हजारों नागरिक हर दिन दुर्घटना के खतरे के बीच आवाजाही करने को मजबूर हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी राहगीर का पैर इन उभरे हुए नट-बोल्टों में फंस जाए या वह ठोकर खाकर गिर जाए तो गंभीर चोट लग सकती है. बुजुर्गों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह खतरा और भी अधिक है.शहर के प्रमुख पर्यटन और व्यावसायिक केंद्र राजवाड़ा चौक पर इस तरह की लापरवाही नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है. नागरिकों ने मांग की है कि निगम तत्काल कार्रवाई कर इन नट-बोल्टों को हटाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

### 'जल्द हटवाया जाएगा

जब इस खतरनाक यूनिपोल के प्लेटफॉर्म पर लगे नट-बोल्ट के संबंध में अपरायुक्त आकाश सिंह से बात की गई, तो उन्होंने इस पर ल जवाब देते हुए कहा कि इसे जल्द ही हटवा दिया जाएगा. जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि इस पोल को नगर निगम द्वारा हटाए लगभग एक महीना बीत चुका है, और तब से यह खतरनाक प्लेटफॉर्म खुला और असुरक्षित अवस्था में पड़ा हुआ है.

**पिछले दिनों हो चुका है हादसा**

कुछ दिन पूर्व की घटना जो की एयरपोर्ट रोड पर मेट्रो द्वारा लगाए गए पाइप से हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी इस तरह से छूट नट बोल्ट बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण देते हैं.

## निर्माण स्थल पर लापरवाही से युवक की मौत

*मकान मालिक समेत दो पर केस*

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान पर हुए हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मकान मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है. कार्रवाई मर्ग जांच के बाद सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर की गई है.**

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना 2 मई की है, जब 25 वर्षीय विशाल नरवरिया निवासी नागदा (देवास) अपने साथी सुमित सोलंकी के साथ इंडस सेटेलाइट जंक्शन स्थित निर्माणाधीन मकान पर सोलर प्लेट उतार रहा था. काम के दौरान अस्थाई लिफ्ट के पास खड़े विशाल पर ऊपरी मंजिल से मलबे से भरी भारी बोरी गिर गई. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मामले की जांच के बाद मकान मालिक विक्रम जोशी और सुनील मंडौर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

### निर्माणाधीन मकान से गिरे युवक की मौत

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान से गिरने से एक युवक की मौत हो गई. गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक नंदबाग कॉलोनी में रहने वाला 35 वर्षीय रवि गुर्जर है. वह शनिवार को अपने दोस्त गोपाल से मिलने एक निर्माणाधीन मकान पर गया था, जहां टाइल्स का काम चल रहा था. बताया जा रहा है कि रवि दूसरी मंजिल पर मौजूद था और नीचे उतरते समय उसका पैर फिसल गया. संतुलन बिगड़ने से वह करीब 20 फीट नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं. मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया. पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि उसे नीचे उतरते समय सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद हादसा हो गया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

## बुजुर्ग को बस से उतारकर पीटा

इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में सिटी बस में साइड हटने का कहने पर एक युवक ने 63 वर्षीय बुजुर्ग को बस से उतारकर बेरहमी से पीट दिया. आरोपी ने कॉलर पकड़कर धक्का दिया, जिससे बुजुर्ग का सिर पीछे खड़ी बोलेरो पिकअप से टकरा गया और वे लहूलुहान हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि फरियादी भूरेलाल पिता छोगालाल जाटव निवासी बाड़ी मोहल्ला राऊ ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने पुलिस को बताया कि वे राजवाड़ा से सिटी बस में घर लौट रहे थे. राऊ में स्टॉप आने पर वे उतरने के लिए गेट पर पहुंचे, जहां एक युवक खड़ा था. बुजुर्ग ने उससे साइड में खड़े होने को कहा, लेकिन युवक नाराज हो गया. बस से उतरते ही आरोपी भी पीछे उतरा और गालियां देने लगा. विरोध करने पर उसने बुजुर्ग का कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी और धक्का देकर पीछे खड़ी बोलेरो से सिर टकरा दिया.

## दो शातिर बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई

- राज उर्फ भूरा और लक्की को किया प्रतिबंधित



नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त दो बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जिलाबदर के आदेश जारी किए हैं. दोनों आरोपियों को इंदौर शहर, देहात और आसपास के जिलों की सीमाओं से प्रतिबंधित किया है.

परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी राज उर्फ भूरा उर्फ चोटी उम्र 22 साल को 6 माह के लिए जिलाबदर किया है. वहीं एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि क्षेत्र के देव नगर निवासी लक्की कुशवाह उम्र 28 साल को 3 माह के लिए जिला बदर किया है. दोनों मामलों में संबंधित थाने की पुलिस ने क्षेत्र में लाउड स्पीकर के माध्यम से आदेश का सार्वजनिक वाचन किया. साथ ही आरोपियों और उनके परिजनों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए .पुलिस ने आसपास के रहवासियों को भी कार्रवाई की जानकारी दी है.

### एक नजर में

**दो साल से उखड़ी रही सड़क, बरसात में हालात हो रहे बदतर; रहवासियों ने लगाया भेदभाव का आरोप**

## अधूरे विकास से परेशान रहवासी, सड़क नहीं बनने से बढ़ी मुश्किलें



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास की बात करती है, वहीं वार्ड स्तर पर सत्ता पर काबीज पार्टी पक्षपात करते हुए सालों तक विकास कार्य नहीं कर रही है. शहर में आज भी कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां लोग सुविधाओं के अभाव में आज भी जीने को मजबूर हो रहे है.

विकास कार्यों के दावों के बीच वार्ड क्रमांक 43 के अनूप नगर स्थित श्रीनगर कांकड़ क्षेत्र के रहवासियों ने अधूरे विकास कार्यों को लेकर नाराजगी जताई है. उन्होंने नव भारत टीम को बताया कि हमारे क्षेत्र के लोगों द्वारा वर्षों की मांग और शिकायतों के बाद करीब दो वर्ष पहले सीवरेज लाइन डाली गई थी. जिसके चलते पूरी सड़क ही खोद कर छोड़ दी गई. अधिकारियों द्वारा दो से तीन माह में सड़क पुनर्निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो सड़क निर्माण किया गया न ही पेचवर्क. परिणामस्वरूप क्षेत्र की सड़कें उबड़-खाबड़ हो चुकी हैं, जगह जगह नुकीले पत्थर बाहर निकल आए हैं. आए दिन कोई न कोई राहगीर गिरकर घायल हो रहा है. इतना ही नहीं अब तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब कीचड़, जलभराव और गंदगी से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है. पानी की सही निकासी न होने से कई घरों में पानी भरने की शिकायत भी सामने आ रही है. क्षेत्रवासियों का आरोप है कि विकास कार्यों में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया है, जिसके चलते वर्षों से उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है.

### न नल हैं न सीवरेज...



साठ साल से यहां रह रहे हैं, हमारे क्षेत्र में विकास नहीं हो पा रहा. कभी नल नहीं थे, तो कभी सीवरेज लाइन नहीं. अब पक्की सड़क का पता नहीं कब तक इंतजार करना पड़ेगा. – **हसीना बी**

**बुजुर्ग हो रहे घायल...**



इतने गड्ढे और पत्थर पूरे रास्ते में हो रहे हैं कि बुजुर्गों तो कुबड़ी भी नहीं टिकती. हर रोज कोई ना कोई गिर रहा है. विकास के लिए सभी लोग सहयोग करने के लिए तैयार हैं. – **शहजाद हुसैन**

**वोट नहीं तो काम नहीं...**



बरसात में क्षेत्र का दौरा करो, तो हकीकत मालूम पड़ जाएगी कि लोग किन समस्याओं से जूझ रहे हैं. वार्ड पार्षद का कहना है कि तुम्हारा वोट हमें नहीं मिलता, इस कारण कार्य नहीं होगा.

**— नूर मोहम्मद**